मुद्रित पृष्ठ : 3　　　　　　　　　　अनुक्रमांक .......................

**स/10**

# प्रथमा परीक्षा, 2015

## सामान्य विज्ञान

## दशम् प्रश्नपत्रम्

***समयः - घंटात्रयम्***　　　　　　　　　　***पूर्णाङ्काः - 100***

*( प्रश्नपत्रप्राप्तिसमनन्तरमेव अस्योपरि स्वीयोऽनुक्रमाङ्कः लेख्यः )*

**सूचना :** किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **अन्तिम** प्रश्न अनिवार्य है। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

5×20=100

**1.** सिंचाई से आप क्या समझते हैं ? अपने पाठ्य पुस्तक के अनुसार जल संरक्षित करने वाली सिंचाई की किन्हीं दो विधियों को लिखिए।

**2.** खरपतवार क्या है ? उनपर नियंत्रण कैसे किया जा सकता है ?

P.T.O.

**3.** गीता की माँ ने सुनार को पॉलिश करने हेतु सोने के पुराने आभूषण दिए। आभूषण वापस मिलने पर उन्होंने पाया कि उनका भार कुछ कम हो गया है। भार में हुई कमी का वैज्ञानिक कारण बताइए।

**4.** निम्नलिखित के लिए कारण दीजिए–

(क) ऐलुमिनियम की पन्नी का प्रयोग खाने की वस्तुओं को लपेटने में किया जाता है।

(ख) सोडियम और पोटैशियम को मिट्टी के तेल में रखा जाता है।

**5.** संक्षेप में उत्तर दीजिए–

(क) जैव विविधता का संरक्षण क्यों आवश्यक है ?

(ख) रेड डाटा पुस्तक से आप क्या समझते हैं ?

**6.** 'जहाँ तक सम्भव हो प्लास्टिक के उपयोग से बचिए'' इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

**7.** पेट्रोलियम निर्माण के प्रक्रम को अपने पाठ्य पुस्तक के अनुसार लिखिए।





**8.** प्रतिजैविक क्या है ? प्रतिजैविक लेते समय कौन-सी आवश्यक सावधानियाँ होनी चाहिए ?

**9.** आकाश में बिजली चमकने एवं मेघगर्जन की घटना एक साथ होने पर भी मेघ गर्जन बिजली चमकने की अपेक्षा बाद में क्यों सुनाई देता है ?

**10.** कम्प्यूटर के प्रमुख घटकों का सविस्तार वर्णन कीजिये।



300